पंजाब केसरी 13/02/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने देव समाज कॉलेज में किया ए.आई. कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम

अम्बाला, 12 फरवरी (बलराम): शहर के देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स में अम्बाला छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज की टीम द्वारा 'आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस : करियर अवसरों के द्वार खोलना' विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जी.एम.एन. कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग के विशेषज्ञ स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की आधुनिक भूमिका, इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों तथा उभरते करियर अवसरों से परिचित कराना था। सत्र के दौरान वक्ताओं ने ए.आई. तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग और भविष्य में इसके व्यापक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स की प्राचार्या मुक्ता अरोड़ा ने जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त तथा कॉलेज प्रबंधन का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज के समय में ए.आई. जैसे उन्नत विषयों पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम छात्राओं को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सशक्त और भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

देव समाज कॉलेज में ए.आई. कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम करने पहुंची जी.एम.एन. कॉलेज की टीम। (संजय)

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस आज के युग की सबसे प्रभावशाली तकनीक बन चुकी है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय रहते ए.आई. कौशल विकसित करें, ताकि वे भविष्य के वैश्विक रोजगार अवसरों के लिए स्वयं को सक्षम बना सकें। कार्यक्रम में विचार मंथन सत्र एवं खुली चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न रखे। संवादात्मक सत्र के माध्यम से उन्हें करियर योजना एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।